
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

गणतंत्र दिवस विशेष


26 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

गणतंत्र दिवस हमें यह सिखाता है कि स्वतंत्रता का मूल्य तभी है जब हम अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं।



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

26 जनवरी

Gyan Drishti

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार 26 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"खुद की तरक्की में इतना वक्त लगा दो कि दूसरे की बुराई करने का वक्त ही ना मिले।"

## आज के दिन

1823– वैज्ञानिक एडवर्ड जेनर का निधन।

1950– स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल सी. राजगोपालचारी ने अपने पद से इस्तीफा दिया और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद देश के पहले राष्टपति हुए।

1950– उत्तर प्रदेश के सारनाथ स्थित अशोक स्तम्भ क शेरों को राष्टोय प्रतीक की मान्यता मिली।

1950– वर्ष 1937में गठित भारतीय संघीय न्यायालय (फेडरल कोर्ट आफ इंडिया) का नाम सर्वोच्च न्यायालय कर दिया गया।

1963– मोर को राष्टोय पक्षी घोषित किया गया।

1972– युद्ध में शहीद सैनिकों की स्मति में दिल्ली के इंडिया गेट पर 'अमर जवान राष्टोय स्मारक' की स्थापना की गई।

1982– भारतीय रेल ने 'पैलेस ऑन व्हीलस' सेवा शुरू की।

2001– गुजरात के भुज में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकम्प आया जिसमें लाखों लोग मारे गये थे।

1. **भारतीय गणतंत्र दिवस**– 26 जनवरी, 1950 ई. को भारत में गणतंत्र की स्थापना की गई थी। इसी दिन 1950 ई. को भारत सरकार अधिनियम 1935 को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। 26 जनवरी को इसलिए चुना गया था क्योंकि इसी दिन 1930 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली के लाल किले पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराया जाता है।
   - **क्या करें?** इस अवसर पर बच्चों को भारतीय गणतंत्र की कहानी बतायें। बच्चों के साथ गणतंत्र का महत्त्व, मूलभूत अधिकार और कर्त्तव्यों की चर्चा करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। संभव हो तो बच्चों को राष्ट्रपति के संबोधन को सुनायें एवं परेड तथा झाँकी को दिखलायें।
2. **राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार**– राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार बहादुर बच्चों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदान किये जाते हैं। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार वैसे बच्चों को दिये जाते है जिन्होंने अपने जान की परवाह न करते हुए किसी की जान बचायी हो या अदम्य साहस का परिचय दिया हो। भारतीय बाल कल्याण परिषद् ने वर्ष 1957 में ये पुरस्कार प्रारंभ किये थे। पुरस्कार के रूप में एक पदक, प्रमाण पत्र और नकद राशि दी जाती है। सभी बच्चों को पढ़ाई पूरी करने तक वित्तीय सहायता भी दी जाती है। 26 जनवरी के दिन ये बहादुर बच्चे हाथी पर सवारी करते हुए गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित होते हैं।
   - **क्या आप जानते हैं?** सबसे पहला राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार हरीशचंद्र मेहरा को प्रदान किया गया था। 2 अक्टूबर, 1957 ई. को दिल्ली के रामलीला मैदान में रामलीला के दौरान शमियाने में आग लग गई। 14 साल एक बालक हरीश मेहता ने अपनी जान की परवाह किए बगैर पंडित नेहरू और तमाम दूसरे गणमान्य नागरिकों को एक बडे हादसे से बचाया था।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के बारे में बच्चों को बतायें।
3. **अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस**– विश्व सीमा शुल्क संगठन की स्थापना 26 जनवरी, 1952 को ब्रुसेल्स मे हुई थी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण विश्व में सीमा शुल्क प्रशासनों की प्रभावशीलता एवं कार्य क्षमता में वृद्धि लाना है। इस उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस मनाया जाता है।
4. **औरंगाबाद जिला स्थापना दिवस**– औरंगाबाद जिला बिहार के दक्षिणी भाग में सोन नदी के पूर्वी तट पर स्थित है। इसे बिहार का चित्तौड़गढ़' भी कहा जाता है। औरंगाबाद जिला की स्थापना 19 जनवरी, 1973 ई. (सरकारी अधिसूचना संख्या 07/11– 2071–72 दिनांक 19 जनवरी, 1973) को गया जिले से अलग किया गया था। वर्ष 2009 से इस जिले की स्थापना दिवस 26 जनवरी को मनाने की पहल शुरू की गई थी। के.ए.एच. सुब्रमण्यम इस जिले के पहले जिलाधिकारी और सुरजीत कुमार साहा पहले सब–डिविजनल पदाधिकारी नियुक्त किये गये थे। यह पूरब में गया, पश्चिम में रोहतास, उत्तर में अरवल जिला और दक्षिण में झारखंड के साथ सीमा बनाती है।
5. **नवादा जिला स्थापना दिवस**– 26 जनवरी, 1973 को गया जिले को विभाजित कर नवादा जिला की भी स्थापना की गई थी। नवादा जिले का क्षेत्रफल 2,494 वर्ग किलोमीटर है। नवादा जिला प्रशासनिक दृष्टि से 2 अनुमंडलों और 14 प्रखंडों में बँटा हुआ है। नवादा के उत्तर में नालंदा, दक्षिण में झारखंड का कोडरमा जिला, पूरब में शेखपुरा एवं जमुई तथा पश्चिम में गया जिला है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 जनवरी

मधु प्रिया

## भारतीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी









गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1950 को भारत सरकार अधिनियम(1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। यह भारत के तीन राष्ट्रीय अवकाशों में से एक है, अन्य दो स्वतन्त्रता दिवस और गांधी जयंती हैं। गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगा कर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। वेसे तो हमारा देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेज़ों के चंगुल से आज़ाद हो गया था परंतु इस आज़ादी को रूप 26 जनवरी को दिया गया। तब से अब तक हम इस दिवस को आज़ादी के दिन के रूप मे मनाते है आज हमे आज़ादी मिले हुए पूरे 73 साल हो चुके है। हमारे देश की आज़ादी किसी भी एक व्यक्ति के कारण नहीं हुई हमारे देश की आज़ादी बहुत सारे भगत सिंह, महात्मा गांधी आदि जैसे महान पुरूषो के बलिदान का परिणाम है। देश भक्त अपने देश को गुलामी की ज़नज़ीरो से बंधा ना देख सके अपने देश को आज़ाद कराने के लिए उन्होने अपने प्राण तक त्याग दिये उनके बलिदानों के कारण अंग्रेज़ों को अपने घुटने टेकने पड़े और उन्होने भारत को आज़ाद कर दिया। गणतंत्र दिवस के दिन हम इन महान पुरुषों के बलिदान को याद करत और प्रेरणा लेते है कि हम भी इन्ही महान पुरुषों की तरह अपने देश के लिए अपने प्राण त्याग देंगे उसकी आन मान और शान की रक्षा के लिए हर समय तय्यार रहेंगे और दोबारा कभी अपने देश को गुलामी की ज़नज़ीरो में बंधने नहीं देंगे हम सब को इन देश भक्तो से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की हिफाज़त के लिए तैयार रहना चाहिए। गणतंत्र दिवस को मनाने का एक उद्देश्य है कि हम महान पुरुषों के बलिदान को याद करके उनसे प्रेरणा लेते है। प्रत्येक भारत वासियों को भारत के शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश को ऊँचायो तक पहुंचाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए और हर भारतीय का कर्तव्य बनता है कि वह देश के विकास के लिए अपना पूरा योगदान दे और देश की रक्षा के लिए हर समय खड़ा रहे।



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# गणतंत्र दिवस विशेष

राकेश कुमार




**गणतंत्र दिवस** *Republic Day*) भारत में 26 जनवरी को मनाया जाता है और यह भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है। हर वर्ष 26 जनवरी एक ऐसा दिन है, जब प्रत्येक भारतीय के मन में देश भक्ति की लहर और मातृभूमि के प्रति अपार स्नेह भर उठता है। ऐसी अनेक महत्त्वपूर्ण स्मृतियां हैं जो इस दिन के साथ जुड़ी हुई है। 26 जनवरी, 1950 को देश का संविधान लागू हुआ और इस प्रकार यह सरकार के संसदीय रूप के साथ एक संप्रभुताशाली समाजवादी लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में भारत देश सामने आया।

# पुण्यतिथि विशेष 26 जनवरी

राकेश कुमार



प्रसिद्ध काय चिकित्सक एवं
चेचक टीके का आविष्कार करने वाले

# एडवर्ड जेनर

**एडवर्ड जेनर** (जन्म- 17 मई, 1749; मृत्यु- 26 जनवरी, 1823) एक प्रसिद्ध कायचिकित्सक थे। विश्व में इनका नाम इसलिए भी प्रसिद्ध है कि इन्होंने 'चेचक' के टीके का आविष्कार किया था। एडवर्ड जेनर के इस आविष्कार से आज करोड़ों लोग चेचक जैसी घातक बीमारी से ठीक हो रहे हैं और अपने जीवन का आनन्द ले रहे हैं। यदि एडवर्ड जेनर नहीं होते तो आज सम्पूर्ण दुनिया के 1.5 करोड़ लोग प्रतिवर्ष सिर्फ़ 'चेचक' के द्वारा काल के ग्रास बन रहे होते।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




26 जनवरी को परेड के दौरान राष्ट्रपति को 21 तोपों की सलामी दिए जाने की प्रथा है. 21 तोपों की सलामी भारतीय सेना की 7 तोपों से दी जाती है जिन्हें '25 पाउंडर्स' कहा जाता है. पहली सलामी राष्ट्रगान शुरू होते ही दी जाती है और आखिरी सलामी ठीक 52 सेकंड बाद दी जाती है.

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश




**गणतन्त्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1950 को भारत सरकार अधिनियम (1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी की तिथि को इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था।**

# दिवस प्रेरणा 26



## ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

( भारतीय वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति )

## इमली के बीज और अखबार तक बेचना पड़ा ...

### संघर्ष

ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का बचपन गरीबी में बीता था। पिता मछुआरों को नाव किराये पर देकर दस बच्चों को पालन–पोषण करते थे। 1939 के विश्वयुद्ध के दौरान कलाम महज आठ साल के थे। उन दिनों अचानक से इमली के बीज महंगे हो गये क्योंकि इसका इस्तेमाल युद्ध में काम आने वाली गाड़ीयों के ईंधन बनाने के लिए किया जाने लगा था। उन्होंने इमली के बीजों को इक्ट्ठा करना शुरू कर दिया । मस्जिद के पास वाली सड़कों पर उसे बेच दिया करते थे। इससे दिनभर में उन्हें एक आने की कमाई हो जाती थी। रामेश्वरम में अखबार का बंडल फेंकने का काम किया करते थे। इसके लिए उन्हें मेहताना मिलता था।

### सफलता

उनका नाम विश्व के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों में गिना जाता है। उन्होंने भारतीय मिसाइल और उपग्रह पद्धति को नया आयाम प्रदान किया। आज कलाम साहब को 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। डॉ0 कलाम साहब को भारत सरकार ने 1981 में पद्म भूषण, 1990 में पद्म विभूषण, तथा 1997 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। वे भारत सरकार के रक्षा सलाहकार भी रहे। वर्ष 1996 में पोखरण में दूसरी बार परमाणु परीक्षण किया। वर्ष 2002 में भारत के 11वां राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### सल्फर (Sulphur)

संकेत (Symbol) -- S

परमाणु संख्या (Atomic no.) -16

परमाणु भार (A. weight) -32.065

समूह ( group)-16


आवर्त (period)-3

ब्लाक ( block)-P

संयोजकता (valancy)-2

समस्थानिक (isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Ne] $3s^2 3p^4$




### खोज

1777, एंटोनी लेवोजियर

### भौतिक गुण

भंगुर, गंधहीन, हल्के पीले रंग का ठोस अधातु

### रासायनिक गुण

बिजली का खराब कंडक्टर, पानी में अधुलनशील

### उपयोग

दवा, उर्वरक, मुंहासे, मुंह के छाले में उपयोग

Anu priya

# TOB


राकेश कुमार




## खेल कॉर्नर





## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कार्यक्रम



| DATE | TIME (IST) | MATCH | VENUE |
|---|---|---|---|
| 19 FEB 2025 | 2.30 PM | PAK us NZ | कराची |
| 20 FEB 2025 | 2.30 PM | BAN us IND | दुबई |
| 21 FEB 2025 | 2.30 PM | AGF us SA | कराची |
| 22 FEB 2025 | 2.30 PM | AUS us ENG | लाहौर |
| 23 FEB 2025 | 2.30 PM | PAK us IND | दुबई |
| 24 FEB 2025 | 2.30 PM | BAN us NZ | रावलपिंडी |
| 25 FEB 2025 | 2.30 PM | AUS us SA | रावलपिंडी |
| 26 FEB 2025 | 2.30 PM | AFG us ENG | लाहौर |
| 27 FEB 2025 | 2.30 PM | PAK us BAN | रावलपिंडी |
| 28 FEB 2025 | 2.30 PM | AFG us AUS | लाहौर |
| 1 MAR 2025 | 2.30 PM | SA us ENG | कराची |
| 1 MAR 2025 | 2.30 PM | NZ us IND | दुबई |
| 1 MAR 2025 | 2.30 PM | SEMI-FINAL 1 | दुबई |
| 1 MAR 2025 | 2.30 PM | SEMI-FINAL 2 | लाहौर |
| 1 MAR 2025 | 2.30 PM | FINAL | लाहौर / दुबई |

Cricket Master DK Cricket Master DK


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
26 जनवरी
समस्त देशवासियों को
76वां
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
PUNITA KUMARI
www.teachersofbihar.org